वर्षऋतु के कारण पानी जमा हो जाने के परिणामस्वरूप क्षतिग्रस्त हालत में हैं । इसलिए प्रयोगशाला को बिहार सरकार द्वारा पर्याप्त उपकरण और विशेषज्ञ जांच कार्मिक मुहैया नहीं कराए गए हैं ।

(घ) बिहार सरकार से प्रयोगशाला को पुनः शुरू करने के लिए भवन के ढांचे में सुधार करेन अथवा अपेक्षित उपकरण और कार्मिक शक्ति मुहैया कराने हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

विवरण

राज्य सरकार की औषध जांच प्रयोगशालाओं और केन्द्रीय सरकारी औषध जांच प्रयोगशालाओं के राज्यवार नाम, संख्या और वे कहां स्थित हैं,

राज्य का नाम	केन्द्रीय प्रयोगशाला	राज्य प्रयोगशाला
आंध्र प्रदेश		हैदराबाद विजयवाड़ा
असम	गुवाहाटी	
बिहार		पटना
दिल्ली		दिल्ली
गुजरात		वडोदरा
गोवा		पणजी
हिमाचल प्रदेश		शिमला
हरियाणा		चंडीगढ़
जम्मू व कश्मीर		जम्मू श्रीनगर
केरल		तिरूवंनतपुरम
कर्नाटक		बेंगलुर
महराष्ट्र	मुम्बई	मुम्बई
उड़ीसा		भुवनेश्वर
पंजाब		चंडीगढ़
राजस्थान		जयपुर
तमिलनाडु	चेन्नई	चेन्नई
उत्तर प्रदेश	गाजियाबाद	लखनऊ
पश्चिम बंगाल	कलकत्ता	कलकत्ता

Rationalisation of Medical Services Suggested by AIIMS

974. SHRI SANJAY DALMIA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether the All India Institute of Medical Sciences has suggested rationalisation of medical services in the country and to adopt a three-tier system for providing medical facilities to the people at the village and district levels;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have examined the suggestions made by the AIIMS; and

(d) if so, the steps being taken by Government to implement those suggestions?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) to (d) The three-tier system of rural health infrastructure in the village level has been adopted from the 5th Five Year Plan onwards. The system comprises of Sub-centres, Primary Health Centres and Community Health Centres established on the basis of population norms. The services provided by the infrastructure include preventive, promotive and curative health care to the people dwelling in the area. The All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) has not made any specific suggestion in this regard.

ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की अपर्याप्तता

975. **श्री एस.एस. सुरजेवाल**:

श्री अजीत जोगी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में औषधियों की अनुपलब्धता, अपर्याप्त प्रसव सुविधाओं और डाक्टरों/चिकित्सा अधिकारियों की कमी के संबध में हाल ही में कोई सर्वेक्षण कराया गया है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष निकले हैं,

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा सुविधाओं की कमी के क्या कारण है, और

(घ) सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं ?